प्रेषक,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0,
कानपुर।

सेवा में,

समस्त संयुक्त निदेशक,
क्षेत्रीय कार्यालय प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक 6292-95 /ई-प्रशा0सरकुलर कानपुरः दिनांकः 19/6 2026

**विषयः-12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) के आयोजन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-I/1367135/2026/16-3099/127/2019 दिनांक 17.06.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उपरोक्त पत्र द्वारा श्री रंजन कुमार, आई0ए0एस0, प्रमुख सचिव, आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन के अर्द्धशा0प0सं0-1628/96-आ0-1-2026 दिनांक 10.06.2026 की छायाप्रति संलग्न करते हुए अवगत कराया गया है कि आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2026) हेतु "Yoga for Healthy Ageing" थीम निर्धारित की गयी है। इस संबंध में शासनादेश संख्या-1491/आयुष-1-2026-ई0-पत्रा0-1820432 दिनांक 27.05.2026 द्वारा विस्तृत कार्य योजना निर्गत करते हुए समस्त विभागों के दायित्व निर्धारित किया गया है।

कृपया उपरोक्त संबंध में शासन का पत्र संख्या-I/1367135/2026/16-3099/127/2019 दिनांक 17.06.2026 समस्त संलग्नक सहित आपको इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि उक्त पत्रों में की गयी अपेक्षानुसार विभागीय वेबसाइट/पोर्टल पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का लोगो प्रदर्शित कराने तथा निर्धारित विभागीय दायित्वों के अंतर्गत समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त पालीटेक्निक संस्थाओं के प्रधानाचार्यों को निर्देशित करने का कष्ट करें

संलग्नकः उपरोक्तानुसार

भवदीय,

( डा0 कमलेश मणि )
सहायक निदेशक
कृते निदेशक प्राविधिक शिक्षा
उत्तर प्रदेश

पृ0सं0 6296-398 / ई-प्रशा0सरकुलर तददिनांकः 19/6/26

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-2, लखनऊ को उक्त पत्र के संदर्भ में।
2- निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0, कानपुर।
3- सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4- सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
5- समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0/निजी क्षेत्र स्थित पालीटेक्निक संस्थाएं, उत्तर प्रदेश।
6- प्रधानाचार्य (मुख्यालय), प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0।
7- नजारत अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0।

( डा0कमलेश मणि )
सहायक निदेशक
कृते निदेशक प्राविधिक शिक्षा
उत्तर प्रदेश।

ई-मेल

संख्या-I/1367135/2026/ 16-3099/127/2019

प्रेषक,

प्रभाकर चन्द्र मिश्र,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0 लखनऊ।
2. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
3. कुलसचिव, एम0एम0एम0यू0टी0 गोरखपुर।
4. निदेशक, समस्त राजकीय इंजीनियरिंग कालेज।
5. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
6. निदेशक, आई0आई0डी0टी0 कानपुर।
7. सचिव, प्रवेश और फीस नियम समिति, लखनऊ।
8. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
9. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक-17-06-2026

विषय- 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) के आयोजन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री रंजन कुमार, आई0ए0एस0, प्रमुख सचिव आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-अर्द्धशा.प.सं.:-1628/96-आ०-1-2026 दिनांक- 10.06.2026 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) हेतु "Yoga for Healthy Ageing" थीम निर्धारित की गयी है। इस संबंध में शासनादेश संख्या-1491/आयुष-1-2026-ई०पत्रा0-1820432 दिनांक- 27 मई 2026 द्वारा विस्तृत कार्य योजना निर्गत करते हुए समस्त विभागों के दायित्व निर्धारित किया गया हैं।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र दिनांक-10.06.2026 में की गयी अपेक्षानुसार विभागीय वेबसाइट/पोर्टल पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का लोगो प्रदर्शित कराने तथा निर्धारित विभागीय दायित्वों के अंतर्गत समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by
PRABHAKAR CHANDRA MISHRA
Date: 17-06-2026 13:07:15

(प्रभाकर चन्द्र मिश्र)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि अनुभाग अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(प्रभाकर चन्द्र मिश्र)
विशेष सचिव

1377/सोलह-3-2026

**रंजन कुमार**
आई.ए.एस.
**प्रमुख सचिव**

अर्द्धशा.प.सं.:-1628/96-आ०-1-2026
दिनांक:- 10 जून 2026
आयुष विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन

प्रिय महोदय,

अवगत कराना है कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की गयी है, जिसके उपरान्त प्रतिवर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) हेतु "**Yoga for Healthy Ageing**" थीम निर्धारित की गयी है।

2- शासनादेश सं0-1491/आयुष-1-2026-ई०पत्रा0-1820432 दिनांक-27 मई 2026 द्वारा 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) के आयोजन हेतु विस्तृत कार्य योजना निर्गत करते हुए विभागों का दायित्व विभागवार निर्धारित किया गया है।

3- इस संबंध में मुझसे आपसे यह अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2026) के अवसर पर अपने विभाग से संबंधित वेबसाईट एवं पोर्टल पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का लोगो प्रदर्शित कराने तथा उक्त शासनादेश दिनांक 27 मई 2026 द्वारा निर्धारित विभागीय दायित्वों के अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।

1698/VS(V)

भवदीय

(रंजन कुमार)

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव (नाम से),
समस्त विभाग,
उ0प्र0 शासन।

7080/VS/2026
V.S.(P)

11/06/26
(विनोद कुमार)
विशेष सचिव
प्राविधिक शिक्षा विभाग
उ0प्र0 शासन

SO-3
11/6/26
12/06/2026

कक्ष संख्या: 301/309, श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी), उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ- 226001
दूरभाष संख्या: 0522-2235336, ई-मेल: psupayush@gmail.com

संख्या- 1491 /96-आयुष-1-2026-ई0पत्रा0-1820432

प्रेषक,

एस0पी0 गोयल
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. महानिदेशक, आयुष, उ0प्र0, लखनऊ।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय आयुष मिशन, लखनऊ।
6. निदेशक, आयुर्वेद/ यूनानी/ होम्योपैथी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आयुष अनुभाग-1 लखनऊ, दिनांक: 27 मई, 2026

विषयः 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2026) के अयोजन की कार्य योजना।

महोदया/ महोदय,

उत्तर प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है। इसका उद्देश्य आमजन को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए योग को अपने जीवन में प्रतिदिन अपनाए जाने हेतु प्रेरित करना है। योग सप्ताह, 2026 (15 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक) एवं 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2026) के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन निम्नवत् किया जाना प्रस्तावित है:-

1. प्रत्येक जनपद में योग कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निम्नलिखित जनपद स्तरीय समिति का गठन किया जाए:-
   - जिलाधिकारी - अध्यक्ष
   - पुलिस आयुक्त द्वारा नामित न्यूनतम DCP स्तर के अधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक - सदस्य
   - मुख्य विकास अधिकारी - सदस्य
   - नगर आयुक्त/ अधिशासी अधिकारी - सदस्य
   - मुख्य चिकित्सा अधिकारी - सदस्य
   - जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी/ क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी- सदस्य
   - जिला विद्यालय निरीक्षक/ बेसिक शिक्षा अधिकारी/ क्रीड़ा अधिकारी-सदस्य
   - जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, आयुष - सदस्य
   - गैर-सरकारी योग संस्थाओं के प्रतिनिधि - सदस्य
   - आरोग्य भारती के प्रतिनिधि - सदस्य
   - विश्व आयुर्वेद परिषद् के प्रतिनिधि - सदस्य
   - जिलाधिकारी द्वारा नामित अन्य महानुभाव - सदस्य
   - क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी - संयोजक सदस्य

2. जनपद में कार्यरत निम्नलिखित विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों/ प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के सहयोग से जनपद/ तहसील/ ब्लॉक/ नगरीय वार्ड/ पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे:-
   - यू0पी0 नैचुरोपैथी योग टीचर्स ऐण्ड फिजिशियन ऐसोसिएशन
   - पं0 दीनदयाल उपाध्याय योग संस्थान
   - पतंजलि योग संस्थान
   - गायत्री परिवार
   - सूर्या इण्टरनैशनल फाउण्डेशन
   - आर्ट ऑफ लिविंग
   - ब्रह्मकुमारी आश्रम
   - खुशी फाउण्डेशन
   - ईशा फाउण्डेशन
   - हार्टफुलनैस
   - रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम
   - क्रीड़ा भारती
3. जिला स्तर पर योग से सम्बन्धित स्वयंसेवी संस्थाओं से बैठक करते हुए उनके योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग प्राप्त किया जाए। जनपद के समस्त योगाभ्यास कार्यक्रमों का समन्वय आयुष विभाग के माध्यम से किया जाएगा तथा ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशाओं एवं सहायक नर्स प्रसाविकाओं (ए0एन0एम0) व अन्य कर्मियों को योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित करते हुए सामूहिक आयोजनों में इनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।
4. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जन-जागरण हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय राज्यपाल महोदया, माननीय मुख्यमंत्री जी सहित प्रमुख हस्तियों, खिलाड़ियों, योग गुरुओं एवं प्रतिष्ठित महानुभावों आदि के संदेश प्रसारित किए जाएं। इस अवसर पर जन-सामान्य की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने हेतु विभिन्न समाचार पत्रों, होर्डिंग, बैनर एवं सोशल मीडिया नैटवर्कों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। योग से सम्बन्धित गतिविधियों के आयोजन में आयुष मंत्रालय के योग पोर्टल पर उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए प्रचार-प्रसार किया जाए। योग के कार्यक्रमों को नुक्कड़ नाटकों एवं सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भी प्रचारित किया जाए।
5. योग सप्ताह के प्रथम दिन 15 जून, 2026 को उचित स्थल का चयन करते हुए उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाए। शुभारम्भ हेतु समस्त जनपद मुख्यालयों, तहसीलों, ब्लॉकों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए, जिनमें जनपद के माननीय सांसद, माननीय मंत्रिगण, माननीय विधायकगण, पार्षद, ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य जन-प्रतिनिधियों को आमन्त्रित कर उनके द्वारा कार्यक्रमों का उद्घाटन कराया जाए।
6. जनपदों के प्रभारी मंत्रिगण की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

7. योगाभ्यास कार्यक्रमों के आयोजन में पंचायती राज, ग्राम्य विकास, नगर विकास, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम से पूर्व समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाए जाएं।
8. योगाभ्यास के लिए स्थल चयन में जनपद के प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों एवं अमृत सरोवरों के किनारे तथा प्रमुख नैसर्गिक सौन्दर्य से परिपूर्ण स्थलों को प्रमुखता दी जाए।
9. जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/ हैल्थ ऐण्ड वैलनेस सैण्टर/ आयुष हैल्थ ऐण्ड वैलनेस सैण्टर/ आयुष्मान आरोग्य मन्दिर (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण)/ संचालित 50-शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय एवं अन्य आयुष चिकित्सालयों को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जाए।
10. जनपद के समस्त पुलिस थानों/ पुलिस लाइनों/ प्रादेशिक सशस्त्र कान्स्टेबुलरी (पी0ए0सी0) बटालियनों/ राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन0सी0सी0) की इकाईयों/ राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0)/ स्काउट गाइड/ प्रान्तीय रक्षा दल को सम्मिलित करते हुए योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।.
11. समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए, जिनमें छात्रों को मिष्ठान्न एवं फलों आदि का वितरण भी किया जाए।
12. तकनीकी शिक्षण संस्थानों, कृषि शिक्षण संस्थानों, उच्च शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा शिक्षण संस्थानों एवं आयुष शिक्षण संस्थानों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम तथा योग सप्ताह 2026 (15 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक) में प्रातः 06:00 बजे से 08:00 बजे तक निर्धारित सामान्य योग प्रोटोकॉल (CYP) कार्यक्रम तथा पूर्वाह्न 11:00 बजे से 01:00 बजे तक अथवा अपराह्न में सुविधाजनक समय का निर्धारण करते हुए सेमिनार (आधुनिक जीवन-शैली में योग द्वारा स्वास्थ्य का प्रबन्धन आदि), आशु-भाषण, पोस्टर, रंगोली, नारे एवं योगासन आदि की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।
13. सभी आर0डब्लू0ए0 (रेजिडैण्ट वैल्फेयर एसोसिएशन) में उक्त कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।
14. समस्त कार्यक्रमों के आयोजन में पुलिस द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
15. समस्त कार्यक्रमों के आयोजन में समयबद्धता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।
16. योग सप्ताह में आयोजित किए गए योगाभ्यास कार्यक्रमों तथा परिवार के सदस्यों द्वारा किए गए योग से सम्बन्धित छायाचित्रों व वीडियो को आयुष कवच ऐप एवं mygov.in ऐप पर अपलोड किया जाए एवं इस सूचना को भारत सरकार के ऐप से लिंक करते हुए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार को भी उपलब्ध कराया जाए।
17. यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक बैठक के प्रारम्भ एवं भोजनावकाश में Y-Break (योग) कराया जाए, ताकि सभी का मन, चित्त एवं शरीर स्वस्थ रहे तथा कार्यक्षमता में वृद्धि हो। इसका प्रचार-प्रसार भी किया जाए।

18. जिन संस्थाओं/ कॉलेजों/ विभागों/ जनपदों/ ग्राम पंचायतों आदि द्वारा योग कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वाधिक योगाभ्यासियों को प्रतिभाग कराया जाए, उनको प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएं।
19. सभी आयोजन स्थलों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
20. इन कार्यक्रमों के आयोजन हेतु आवश्यक धनराशि निदेशक, आयुर्वेद सेवाएं, उ0प्र0 द्वारा पृथक से निर्गत की जा रही है।

उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त का संज्ञान लेते हुए प्रदेश में योग सप्ताह (15 जून, 2026 से 21 जून, 2026) एवं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2026) को हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाए जाने के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,
27/5/2026
(एस0पी0 गोयल)
मुख्य सचिव।

संख्या- 1491 (1)/96-आयुष-1-2026, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी (स्वतन्त्र प्रभार), आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
4. प्रमुख स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
5. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
6. निदेशक, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
7. समस्त उप पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त पुलिस आयुक्त/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।
9. समस्त मुख्य चिकित्साधीक्षक, होम्योपैथी, उ0प्र0 (द्वारा निदेशक, होम्योपैथी)।
10. समस्त क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी/ समस्त क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी/ समस्त जिला होम्योपैथिक अधिकारी (द्वारा सम्बन्धित निदेशक)।
11. अन्य सम्बन्धित अधिकारी (द्वारा निदेशक, आयुर्वेद सेवाएं)।
12. गार्ड फाइल।

Digitally signed by
RANJAN KUMAR
Date: 27-05-2026
15:54:44

आज्ञा से,
(रंजन कुमार)
प्रमुख सचिव।